INDIAN SCHOOL SOHAR SET-2

FORMATIVE ASSESSMENT-I (2014-15)

विषय-हिन्दी

कक्षा ः VI पूर्णांक ः **20**

दिनांक ः 05-5-2014 समय ः **40** मिनट

....

सामान्य निर्देश **1** - कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में कुल **8** प्रश्न हैं।

2 - प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व उसका क्रमांक अवश्य लिखा जाए।

....

प्रश्न- 1 **नीचे लिखे अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए** [4]

कूकाई बचपन से ही चतुर और बुद्धिमान बालक था। पढ़ना-लिखना उसे बहुत अच्छा लगता था। बड़ा होकर वह एक विद्वान व्यक्ति बनना चाहता था। छोटी उम्र में ही मेहनत और लगन से उसने ज्ञान-विज्ञान की बहुत सी जानकारी हासिल कर ली। कूकाई को जल्दी ही श्रेष्ठ विद्वान केइकाशो का शिष्य बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कूकाई मेहनती और होशियार तो था ही उसने अपने व्यवहार और परिश्रम से केइकाशो का दिल जीत लिया और उनका सबसे प्रिय शिष्य बन गया। केइकाशो ने उसे उत्तम दर्जे की शिक्षा प्रदान की। कूकाई की प्रतिभा निखरती चली गई। वह धर्म, नीति और दर्शन के अलावा साहित्य एवं कला में भी काफी रुचि रखता था। जल्दी ही उसकी प्रसिद्धि चारों ओर फैल गई। कूकाई की प्रसिद्धि चीन के सम्राट तक भी जा पहुँची। सम्राट ने कूकाई को फौरन निमंत्रण भेजा और उसे अपने दरबार में एक विशिष्ट स्थान प्रदान किया।

।क। कूकाई कैसा बालक था ?

।ख। कूकाई के गुरु कौन थे ?

।ग। कूकाई की रुचि किन -किन विषयों में थी ?

।घ। 'बुद्धिमान' और 'निमंत्रण' शब्द का अपने वाक्यों में प्रयोग करें।

प्रश्न- 2 **निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध करें।**

मीठाई, ग्रहकार्य [1]

प्रश्न- 3 **निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखें।** [1]

अनगिन , प्रातःकाल

प्रश्न- 4 **निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए ।** [2]

(क) ठंडा हवा चल रही है।

(ख) खरगोश को काटकर गाजर खिलाओ।

प्रश्न- 5 **निम्नलिखित शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।** [2]

रात, अँधेरा

प्रश्न- 6 **निम्नलिखित शब्द और मुहावरे से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए ।** [2]

स्नेह , सिर पर पाँव रखकर भागना

प्रश्न- 7 **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए।** [2]

शिला , साक्षी , कहार ,सटीक

प्रश्न- 8 **निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन प्रश्नों</u> के उत्तर लिखिए।** [6]

(क डॉक्टर बाबू ने किसका इलाज किया और क्यों ?

(ख) पृथ्वी का अंधकार कैसे दूर किया जा सकता है ?

(ग) रास्ते में डाकू होने की बात सुनकर भी विश्वंभर बाबू क्यों नहीं रुके ?

(घ) कवि किस नाव को बहाते रहने की प्रेरणा दे रहा है और क्यों ?